**अमृत वाणी**

जो लोग आपके सामने बहुत मीठे बनते हैं, वो लोग आपके पीछे बहुत कडवें होते हैं ।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्षः 37 अंक 142
शुक्रवार 04 सितम्बर, 2026

तापमान
अधिकतम 32°C | न्यूनतम 27°C

मूल्य 2 रुपए  पृष्ठ- 6  अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित  www.tarunmitra.in


## पाकिस्तानी जेट गिराने वाले अभिनंदन ने एयरफोर्स छोड़ी

**अब उड़ाएंगे यात्री विमान**

**दिल्ली, 03 सितम्बर।** बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान 60 घंटे पाकिस्तान की कैद में रहे पूर्व ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्तमान ने एयरफोर्स से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने गोवा की प्राइवेट एयरलाइन फ्लाई-91 जॉइन कर ली है। उनका सामान्य रिटायरमेंट 2037 में होना था, जब वे 54 वर्ष के होते। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने 31 मार्च 2026 को वायुसेना छोड़ी और अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन जॉइन की। करीब दो दशक की सर्विस के बाद अब वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे।

अभिनंदन वायुसेना में MiG-21 फाइटर उड़ाते थे। 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी के स्र-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने के दौरान उनका विमान मिसाइल की चपेट में आ गया था। जेट से इजेक्ट होकर वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में उतरे थे।PoK में पाकिस्तानी फौज ने उन्हें पकड़ लिया था। भारत के



जबर्दस्त दबाव के चलते करीब 60 घंटे बाद, 1 मार्च 2019 को अटारी बॉर्डर के जरिए उनकी वापसी हुई थी। 2021 में उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

ग्रुप कैप्टन अभिनंदन ने वायुसेना में 20 साल की सर्विस की है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के मुताबिक, ग्रुप कैप्टन का मूल वेतन 1.40-2.18 लाख और एमएसपी 15,500 होता है। भत्तों को मिलाएं तो यह ज्यादा भी हो सकता है। इस हिसाब से उन्हें करीब 88-98 हजार महीना पेंशन मिल सकती है। इसके अलावा महंगाई राहत भी मिलती है। अभिनंदन की वास्तविक पेंशन उनके अंतिम वेतन और सेवा रिकॉर्ड से तय होगी।

## नेपाल से 55 किमी.दूर तिब्बत में 5 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू, 03 सितम्बर।** नेपाल सीमा से करीब 55 किलोमीटर दूर तिब्बत में गुरुवार को 5 तीव्रता का भूकंप आया। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र उत्तराखंड के जोशीमठ से करीब 128 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था और इसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी।

भूकंप जमीन की सतह से काफी कम गहराई पर आया। ऐसे भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं, क्योंकि इनकी भूकंपीय ऊर्जा सतह तक जल्दी पहुंचती है और रास्ते में कम कमजोर होती है। हालांकि, फिलहाल भूकंप से किसी तरह के नुकसान या लोगों के घायल होने की खबर नहीं है।

यह भूकंप ऐसे समय आया है, जब 26 अगस्त को तिब्बत और नेपाल में आई बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई थी। इस आपदा में अब तक कुल 1273 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें नेपाल में 1252 और तिब्बत में 21 लोगों की जान गई है।

## लॉ स्टूडेंट्स पर बार काउंसिल एक्शन नहीं ले सकता : सुप्रीम कोर्ट

**लॉ यूनिवर्सिटीज के समारोह में सीजेआई को बुलाने के विरोध के बाद छात्रों का एनरोलमेंट रोका था**



लॉ स्टूडेंट्स के गलत आचरण पर उनके खिलाफ कार्रवाई का अधिकार सिर्फ संबंधित यूनिवर्सिटी या शैक्षणिक संस्थान के पास है।

**सुप्रीम कोर्ट**
NALSAR विवाद पर

**दिल्ली, 03 सितम्बर।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी BCI के पास लॉ स्टूडेंट्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि छात्रों के आचरण पर कार्रवाई करने का अधिकार उनके यूनिवर्सिटी या संबंधित शैक्षणिक संस्थान के पास है।

कोर्ट ने यह फैसला हैदराबाद की NALSAR यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के 2026 बैच के छात्रों से जुड़े विवाद में दिया। छात्रों ने दीक्षांत समारोह में CJI सूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था। इसके बाद BCI ने छात्रों का वकील के तौर पर एनरोलमेंट रोकने और मामले की जांच कराने के निर्देश दिए थे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 BCI या स्टेट बार काउंसिल को लॉ स्टूडेंट्स पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का कोई स्पष्ट या निहित अधिकार नहीं देता।

कोर्ट ने BCI चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा की ओर से 13 अगस्त को जारी आदेश को गैरकानूनी बताया।

इस मामले में NALSAR के दो पूर्व छात्रों मिहिरा सूद और अभिषेक तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि BCI को छात्रों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।

14 अगस्त को पिछली सुनवाई में CJI सूर्यकांत ने BCI के मामले में दखल देने पर नाराजगी जताई थी।

CJI ने कहा था कि भले ही छात्रों का फैसला गलत हो या उन्हें किसी ने गलत सलाह दी हो, फिर भी उन्हें अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने कहा था- यह छात्रों और मेरे बीच की बात है। BCI कौन होती है दखल देने वाली? यह पूरी तरह गलत है।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला केस में सत्येंद्र जैन को जमानत

**दो-दो लाख रुपए के बॉन्ड और दो जमानतदार देने होंगे**

**नई दिल्ली, 03 सितम्बर।** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में AAP नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें जमानत दे दी। यह मामला उस वक्त का है, जब वे केजरीवाल सरकार में जल मंत्री थे।

कोर्ट ने जैन को ?2 लाख के निजी बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया है। जैन को इस मामले में 18 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

दिल्ली जल बोर्ड में करप्शन से जुड़ा यह मामला एमएस यूरोटेक एनवायरनमेंटल प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए एक टेंडर से जुड़ा है। टेंडर दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (STPs) की क्षमता बढ़ाने और उन्हें अपग्रेड करने के लिए था।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने आरोप लगाया था कि टेंडर की शर्तों में हेरफेर की गई। टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर तकनीक-केंद्रित बनाया गया, ताकि यूरोटेक एनवायरनमेंटल को फायदा मिल सके।

ACB के मुताबिक, जैन ने बिना तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन के रोहिणी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 15 मिलियन गैलन प्रतिदिन (mgd) से बढ़ाकर 30 mgd कर दी। इससे लागत करीब 123 करोड़ रुपए बढ़ गई।

ACB ने पैसों के लेन-देन की एक कड़ी मिलने का दावा किया था। उसके मुताबिक, कमीशन बिचौलियों के जरिए अलग-अलग आरोपियों के बैंक खातों में पहुंचाया गया। यह केस मई 2024 में दर्ज किया गया था।

दिल्ली जल बोर्ड के STPs की क्षमता बढ़ाने और अपग्रेडेशन से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया में बड़े स्तर की अनियमितताओं, टेंडर शर्तों में हेरफेर और आपराधिक साजिश की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। शिकायत दिल्ली सरकार के विजिलेंस निदेशालय ने की थी।

## टीएमसी दफ्तर में तोड़फोड़ का आरोप, 6 गिरफ्तार

**ममता बोलीं- हमले जारी रहे, तो दिल्ली में बीजेपी नेताओं के घरों के बाहर धरना देंगे**

**कोलकाता, 03 सितम्बर।** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को फेसबुक लाइव सेशन में पार्टी ऑफिस पर हमले की निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ऐसे हमले जारी रहे, तो उनकी पार्टी नई दिल्ली में BJP नेताओं के घरों के बाहर प्रदर्शन करेगी।

दरअसल, TMC सांसद अभिषेक



बनर्जी ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कोलकाता के कैमक स्ट्रीट वाले पार्टी ऑफिस में कुछ लोग तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावर BJP के लोग थे, जो सुबह करीब 4.30 बजे आए थे।

अभिषेक ने यह भी दावा किया कि हथियारबंद हमलावरों ने कर्मचारियों से मारपीट की, फोन छीने, फर्नीचर तोड़ा, दफ्तर में सामान बिखेर दिया और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान पहुंचाया।

अभिषेक का आरोप है कि पुलिस ने करीब 2 घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि, कोलकाता पुलिस ने घटना के सिलसिले में 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

इसी ऑफिस को लेकर कुछ दिन पहले भी विवाद हुआ था। कोलकाता नगर निगम ने 31 अगस्त को पुलिस की मौजूदगी में इमारत से TMC का साइनबोर्ड हटाया था।

अभिषेक बनर्जी का दावा है कि हमले के दौरान एयर प्यूरिफायर, प्रिंटर, टीवी और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी वहां से ले जाए गए। उन्होंने कहा- हमले की योजना किसने बनाई, किसके निर्देश पर इसे अंजाम दिया और बार-बार सूचना मिलने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की, यह पता लगाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा- अगर लोग सुबह 4.30 बजे हथियारों के साथ किसी राजनीतिक दल के कार्यालय में घुस सकते हैं, लोगों पर हमला कर सकते हैं और संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि पुलिस मौजूद नहीं है, तो पश्चिम बंगाल में कानून का राज आखिर बचा क्या है।

उन्होंने हमलावरों की गिरफ्तारी और जवाबदेही तय करने की मांग की। बनर्जी ने बंगाल के राज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय से भी मामले में कार्रवाई की अपील की। उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट से भी घटना का संज्ञान लेने की मांग की।

अभिषेक ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए सवाल किया कि TMC के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई क्यों की जा रही है।





**अवकाश सूचना**

04 सितम्बर ( जन्माष्टमी ) के अवसर पर तरुणमित्र कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक एक दिन बाद प्रकाशित होगा।

**प्रबंधक**

## दरोगा ने माथे पर गोली मारकर जान दी

**यमुना किनारे वर्दी में मिला शव, पास पड़ी थी सर्विस पिस्टल, पत्नी सिपाही**

**मथुरा, 03 सितम्बर।** मथुरा में तैनात एक दरोगा ने गुरुवार दोपहर खुद को गोली मारकर जान दे दी। उनका शव यमुना नदी के किनारे गोकुल बैराज के पास वर्दी में पड़ा मिला। पास ही सर्विस पिस्टल भी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं।

दरोगा की शिनाख्त पंकज कुमार यादव(31) के रूप में हुई। वे एसपी ट्रैफिक के पेशकार थे। इन्होंने 30 जून 2019 को नौकरी जॉइन की थी। गोली उनके माथे के बीचो-बीच लगी थी। पंकज की पत्नी दीप्ति सिपाही हैं। इस वक्त उनकी तैनाती मथुरा में ही सदर थाने में है।SSP श्लोक कुमार ने बताया- पंकज कुमार ने आज ही अपनी सर्विस पिस्टल जारी कराई थी। इसी पिस्टल



पंकज कुमार, मृतक दरोगा

से उन्होंने आत्महत्या की। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। वे एटा जिले में पिलुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। इनके पिता का नाम राजवीर सिंह है। पंकज मथुरा में ही सदर के दामोदरपुरा इलाके में घर बनवा रहे थे। गुरुवार दोपहर वह ड्यूटी से घर गए। वहां कुछ देर रुकने के बाद वर्दी में घर से निकले और रास्ते में खुद को गोली मार ली।

दोपहर करीब 3.45 बजे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी थी। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोबाइल की जांच अभी की जानी है। आखिरी कॉल या मैसेज किसका था, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं हुई। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवीकैमरे नहीं लगे हैं। पूछताछ और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पंकज की सिपाही पत्नी दीप्ति भी मौके पर पहुंचीं हैं।सहकर्मियों के मुताबिक, वह आम दिनों की तरह सामान्य व्यवहार कर रहे थे। किसी तरह के बदलाव की जानकारी सामने नहीं आई है।

## बीएसपी 2027 यूपी चुनाव अकेले लड़ेगी : मायावती

**आकाश आनन्द को बड़ी जिम्मेदारी नहीं**

**लखनऊ, 03 सितम्बर।** मायावती ने घोषणा की है कि बसपा 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव सहित सभी आगामी चुनाव अकेले लड़ेगी, जिसमें गठबंधन से दूरी बनाने की स्पष्ट रणनीति दिख रही है। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपरिपक्व बताते हुए बड़ी ज़िम्मेदारी से दूर रखा है, जो पार्टी के भविष्य के नेतृत्व पर सवाल उठाता है। यह कदम बहुजन समाज के हितों पर केंद्रित पार्टी की पारंपरिक एकला चलो नीति की निरंतरता को दर्शाता है, लेकिन 2022 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इसकी प्रभावशीलता पर बहस तेज होगी।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को घोषणा की कि पार्टी पूरे भारत में आने वाले सभी चुनाव अकेले लड़ेगी, जिसमें 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव भी शामिल हैं। बीएसपी की अखिल भारतीय बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी किसी भी चुनाव के लिए गठबंधन पर निर्भर नहीं रहेगी, चाहे चुनाव बड़ा हो या छोटा। मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद की भूमिका पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्हें पार्टी में सक्रिय रहने की इजाज़त है, लेकिन उन्हें और अधिक परिपक्वता लाने की ज़रूरत है और फिलहाल उन्हें कोई बड़ी ज़िम्मेदारी नहीं सौंपी





जाएगी। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पार्टी का मुख्य ध्यान बहुजन समाज के हितों और शोषित समुदायों को शासक वर्ग बनाने के मिशन पर है, और इस लक्ष्य को पाने के लिए राजनीतिक सत्ता हासिल करना जरूरी है। यह घोषणा BSP के 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने के बाद आई है, जिसमें उसने सभी 403 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे 12.88 प्रतिशत वोट के साथ सिर्फ़ एक सीट मिली थी।

इसके अलावा, 2027 के चुनावों से पहले बुधवार को लखनऊ में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के पूर्व नेता आसिम वक़ार इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हो गए। वक़ार ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ AIMIM के पिछले चुनावी मुक़ाबलों की आलोचना करते हुए कहा कि मुख्य चुनौती भारतीय जनता पार्टी का विरोध करना होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश विधानसभा में अभी 403 सदस्य हैं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 258, समाजवादी पार्टी के 107 और अपना दल के 13 सदस्य शामिल हैं।

समाजवादी पार्टी की सहयोगी कांग्रेस 2027 के चुनावों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना चाहती है। 2022 में, कांग्रेस ने 399 सीटों पर चुनाव लड़ा और दो सीटें जीतीं, जबकि AIMIM कोई भी सीट नहीं जीत पाई हालांकि, 2025 के बिहार चुनाव नतीजों के बाद वह मुस्लिम वोटों को एकजुट करने की कोशिश कर रही है।

## टीएमसी बागी 22 सितंबर तक अयोग्यता पर जवाब देंगे

**अभिषेक बनर्जी की शिकायत के बाद लोकसभा स्पीकर का फैसला**

**दिल्ली, 03 सितम्बर।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को टीएमसी के बागी सांसदों को अयोग्यता घोषित करने के मामले में नोटिस जारी किया है। कहा है कि वे 22 सितंबर तक इस बारे में जवाब दाखिल करें।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने 18 जून को स्पीकर ओम बिरला से इन बागी सांसदों के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्य करार देने की मांग थी।

दरअसल, 14 जून को 20 TMC सांसदों ने खुद को पार्टी से अलग कर लिया था। बाद में नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल हो गए। इसके बाद इन्होंने NDA को समर्थन का ऐलान किया था।

इससे पहले टीएमसी संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से गुरुवार को मुलाकात की थी। 20 मिनट की इस बैठक में टीएमसी ने 20 बागी सांसदों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही तेज करने की मांग की थी। स्पीकर ओम बिरला ने सदन में अलग हुए 20 सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की है, लेकिन उनके विलय को अब तक मंजूरी नहीं दी है।

अभिषेक बनर्जी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचे थे। वहां लोकसभा स्पीकर और सदन के महासचिव की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया था कि स्पीकर ने टीएमसी की ओर से दसवीं अनुसूची के तहत दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 20 सांसदों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 25 अगस्त को टीएमसी के 20 सांसदों की अयोग्यता पर कार्यवाही तय समयसीमा में करने की बात कही थी। कोर्ट ने साफ किया कि असली मुद्दा नोटिस जारी करने की औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्यवाही पूरी करना है। कोर्ट ने 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया थी।

## हथिनीकुंड बैराज हादसा : दोनों जवानों के शव मिले

**एक हरियाणा में 200किमी. दूर, दूसरा यूपी में मिला**



**यमुनानगर, 03सितम्बर।** हरियाणा के यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज हादसे में लापता सेना के दोनों जवानों के शव मिल गए हैं। एक जवान का शव उत्तर प्रदेश में बैराज से करीब 15 किलोमीटर दूर मिला, जबकि दूसरा करीब 200 किलोमीटर बहकर हरियाणा के ही जींद की हांसी ब्रांच नहर तक पहुंचा। दोनों शव डाइविंग सूट पहने हुए मिले हैं। इसके बाद शाम 5 बजे जवान के शव को लेकर आर्मी का हेलीकॉप्टर जींद पुलिस लाइन से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुआ।

दरअसल, मंगलवार शाम प्रैक्टिस के दौरान पांच जवान चिनूक हेलिकॉप्टर से यमुना में खड़ी बोट पर कूदे थे। इसी दौरान अचानक बोट डूब गई। तीन जवान तैरकर बाहर निकल आए, जबकि दो जवान लापता हो गए थे।हादसे के बाद सेना, NDRF, SDRF, पुलिस और प्रशासन की टीमें यमुनानगर से लेकर आसपास की नहरों में सर्च ऑपरेशन चला रही थीं। एक शव उत्तर प्रदेश के सहारनपुर तो दूसरा हरियाणा के जींद जिले से बरामद हुआ। मंगलवार शाम करीब 5 बजे हथिनीकुंड बैराज के पास प्रैक्टिस के लिए वन पैरा स्पेशल फोर्स के पांच जवान चिनूक हेलिकॉप्टर से यमुना में खड़ी मोटर बोट में कूदे। जवानों के बोट में पहुंचने के बाद वह स्टार्ट नहीं हुई और अचानक डूबने लगी। इसके बाद पांचों जवान डाइविंग किट और लाइफ जैकेट पहनकर नदी में कूद गए। इनमें से 3 जवान तैरकर पश्चिमी यमुना नहर के गेट से बाहर निकल आए, जबकि महाराष्ट्र के पाटिल रोहित नारायण (30) और जम्मू-कश्मीर के अखनूर निवासी अजय लापता हो गए। रात को ही सेना और लोकल गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। पांचों जवान इसी बोट में कूदे थे। बाद में सेना की टीम ने इस बोट को बाहर निकाला।

## लखनऊ में एअर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**वाराणसी से उड़ान भरी थी, कार्गो कंपार्टमेंट में धुएं का अलार्म बजा**

**लखनऊ,03 सितम्बर।** वाराणसी से दिल्ली जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की गुरुवार सुबह लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक विमान के कार्गो में धुएं का अलार्म बजा था। पायलट ने तुरंत लखनऊ एयरपोर्ट संपर्क किया।

एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) से परमिशन मिलते ही लैंडिंग कराई। विमान के उतरते ही रिस्पॉन्स टीम ने मोर्चा संभाला। फायर बिग्रेड और टेक्निकल एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे। विमान की जांच की गई। विमान (IX 1253) ने वाराणसी एयरपोर्ट से गुरुवार सुबह 8 बजे उड़ान भरी। थोड़ी देर बाद ही कार्गो में स्मोक डिटेक्शन का अलार्म बजने लगा। इसके बाद पायलट ने सुबह 8.52 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई। सुबह 9.02 बजे विमान से 155 यात्रियों और क्रू को उतारा गया। जांच के बाद विमान को एयरपोर्ट के स्टैंड पर पार्क किया गया। शुरुआती जांच के बाद बताया गया कि विमान में धुएं का कोई संकेत नहीं मिला। ऐसे में अलार्म कैसे बजा, इसकी जांच की गई। एयर इंडिया ने विमान को लखनऊ एयरपोर्ट की पार्किंग में खड़ा कर दिया है। एक्सपर्ट टीम पूरे विमान की जांच करेंगी। वहीं, यात्रियों को अब दूसरे विमान से दिल्ली भेजा जाएगा। फिलहाल, सभी यात्रियों को एयरपोर्ट के नजदीक एक होटल में ठहराया गया है। विमान का इंतजाम होते ही यात्रियों को दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा।


घर के बाहर घर जैसा आराम
**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें।
मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई  मो. 9235152444



**निदान चिकित्सा केन्द्र**
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
**डा. गुंजन यादव**
(M.B.B.S.,D.G.O.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

**डा. राधेश्याम यादव**
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )
प्रबंधकः- हरगोविन्द यादव

# कादीपुर के चकतारा गांव में स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां

सिद्धौर, बाराबंकी। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कादीपुर के चकतारा गांव में स्वच्छ भारत मिशन के दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। गांव के सीसी मार्ग पर बरसात की बात तो दूर, आम दिनों में भी जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई है। इससे ग्रामीणों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे लगे इंडिया मार्का हैंडपंप के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। नाली और जल निकासी की व्यवस्था के अभाव में हैंडपंप का पानी सड़क पर ही फैलता रहता है, जिससे मार्ग पर लगातार कीचड़ और पानी जमा रहता है। जलभराव के कारण मार्ग पर फिसलन बनी रहती है और आए दिन



लोगों के गिरकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं, इसी स्थान से कुछ ही दूरी पर कादीपुर से भेड़िया जाने वाले डामर पिंच मार्ग के किनारे लगा एक अन्य इंडिया मार्का हैंडपंप भी काफी दिनों से खराब पड़ा है। शिकायत के बावजूद हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे वह महज शोपीस बनकर रह गया है।

एक ओर गांव के मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान हैं तो दूसरी ओर खराब हैंडपंप के कारण राहगीरों और ग्रामीणों को पेयजल के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के साथ ही खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप को शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

# 1076 पर शिकायत के बाद गांव पहुंची ब्लॉक टीम

बस्ती। जिले के कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के गौर ब्लॉक के सलादीपुर गांव में सफाईकर्मी की तैनाती न होने से परेशान ग्रामीणों की शिकायत आखिरकार रंग लाई। गांव की सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने 1076 हेल्पलाइन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद गौर ब्लॉक स्तर से टीम गठित कर गांव भेजी गई। टीम ने सलादीपुर पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय समेत सार्वजनिक स्थानों पर दवा का छिड़काव किया।

ग्रामीणों ने भी टीम के साथ मिलकर उन स्थानों की जानकारी दी, जहां छिड़काव की जरूरत थी। सलादीपुर गांव में लंबे समय से सफाईकर्मी की तैनाती नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़



रहा था। गांव में नियमित सफाई और दवा के छिड़काव की व्यवस्था प्रभावित थी। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने 1076 हेल्पलाइन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद गौर ब्लॉक प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए टीम गठित की और गांव में भेजी। ब्लॉक की टीम सलादीपुर गांव पहुंची तो ग्रामीण भी उसके साथ खड़े नजर आए। ग्रामीणों ने टीम को उन स्थानों के बारे में बताया, जहां गंदगी और मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए दवा का छिड़काव जरूरी था।

टीम ने ग्रामीणों की जानकारी के आधार पर गांव में अलग-अलग स्थानों पर दवा का छिड़काव कराया। इससे लंबे समय से सफाई को लेकर परेशान लोगों को राहत मिली। ब्लॉक टीम ने प्राथमिक विद्यालय सलादीपुर में भी दवा का छिड़काव किया। स्कूल परिसर और आसपास के स्थानों पर छिड़काव होने से बच्चों के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार करने में मदद मिली। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में साफ-सफाई और दवा का छिड़काव होने से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हुई है। स्कूल का वातावरण भी पहले की तुलना में स्वच्छ और बेहतर नजर आ रहा है। टीम ने केवल विद्यालय तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रखी, बल्कि गांव के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी दवा का छिड़काव किया। ग्रामीणों ने बताया कि इन स्थानों पर लंबे समय से सफाई व्यवस्था प्रभावित थी। दवा के छिड़काव के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि समय-समय पर इसी तरह छिड़काव और सफाई होती रहे तो गांव में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना आसान होगा।

ब्लॉक टीम के गांव पहुंचने और दवा का छिड़काव कराने पर ग्रामीणों ने अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया। धर्मेंद्र कुमार आर्य और बीपत विजय कुमार ने ब्लॉक अधिकारियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद कार्रवाई होने से उन्हें राहत मिली है। गांव में दवा का छिड़काव होने के बाद वातावरण भी बेहतर हुआ है।

हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि केवल दवा का छिड़काव समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। गांव में सफाईकर्मी की तैनाती न होने के कारण नियमित सफाई की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द सलादीपुर में सफाईकर्मी तैनात करने की मांग की है, ताकि गांव में नियमित सफाई हो सके और सार्वजनिक स्थानों के साथ स्कूल परिसर भी स्वच्छ बना रहे। लोगों का कहना है कि स्थायी सफाई व्यवस्था होने से भविष्य में ऐसी शिकायत की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## गरीब परिवार की दयनीय स्थिति पर प्रशासन हरकत में आया



बस्ती। विक्रमजोत के रूपगढ़ गांव में एक गरीब परिवार की खराब हालत सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया। हरैया एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे।

उन्होंने परिवार की दिक्कतें सुनीं और मदद का भरोसा दिया।यह मामला बस्ती के छावनी थाना क्षेत्र के रूपगढ़ निवासी चानिका प्रसाद कन्नौजिया के परिवार से जुड़ा है। परिवार ने बताया कि उन्हें अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है। हालांकि, प्रधान ने जानकारी दी कि उनकी पेंशन बन चुकी है, लेकिन अभी खाते में नहीं आई है।

इसके अलावा, परिवार का नाम आवास सूची में भी दर्ज है, लेकिन उन्हें अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। नायब तहसीलदार ने परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने परिवार को कुछ राहत सामग्री भी दी। इस परिवार की मदद के लिए सपा नेता हिमांशु सिंह रानू ने भी पहल की थी।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व कान्हा के स्वागत को सजी बाजार

बस्ती।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व नजदीक आते ही विक्रमजोत और अमोढा कस्बे के बाजार कान्हा के रंग में रंगने लगे हैं। मंदिरों और घरों में होने वाली पूजा व झांकियों की तैयारियों के बीच लड्डू गोपाल के वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, झूले और सिंहासन की दुकानों पर खरीदारी शुरू हो गई है।

बाजारों में सजी रंग-बिरंगी पोशाकें और चमकदार सजावटी सामान लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इस बार बाजार में कान्हा के लिए पारंपरिक डिजाइन के साथ कई नए और आकर्षक विकल्प उपलब्ध हैं। स्टोन-नेट, वेलवेट और मोरपंख की आकृति वाली पोशाकों की खास मांग देखी जा रही है। वहीं लकड़ी, पीतल, स्टील और सफेद स्टोन से बने सिंहासन व पालने भी खरीदारों को पसंद आ रहे हैं। जन्माष्टमी पर्व को लेकर विक्रमजोत और अमोढा के बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगी है। दुकानदारों ने लड्डू गोपाल की पूजा और सजावट से जुड़े सामान दुकानों के बाहर और अंदर आकर्षक ढंग से सजा दिए हैं। लोग अभी से अपने घरों और मंदिरों में कान्हा के जन्मोत्सव की



तैयारी में जुट गए हैं। यही वजह है कि पर्व से पहले ही पोशाक, झूले और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है। दुकानों पर लड्डू गोपाल के लिए कई तरह की रंग-बिरंगी पोशाकें उपलब्ध हैं।

इनमें स्टोन-नेट और वेलवेट की डिजाइनर पोशाकों के साथ मोरपंख की आकृति वाली पोशाकें भी लोगों का ध्यान खींच रही हैं। श्रद्धालु अपने आराध्य को जन्माष्टमी पर विशेष रूप से सजाने के लिए अलग-अलग डिजाइन की पोशाकों का चयन कर रहे हैं। पारंपरिक रंगों के साथ चमकीले और आकर्षक डिजाइन वाली पोशाकें भी बाजार में उपलब्ध हैं। लड्डू गोपाल के लिए इस बार बाजार में अलग-अलग सामग्री से बने नए डिजाइन के सिंहासन और पालने उपलब्ध हैं। लकड़ी के पारंपरिक सिंहासन के साथ पीतल, स्टील और सफेद स्टोन से बने आकर्षक डिजाइन लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

छोटे आकार से लेकर बड़े और सजावटी सिंहासन तक दुकानों पर उपलब्ध हैं। श्रद्धालु अपने घर में स्थापित लड्डू गोपाल के आकार और सजावट के अनुसार इनका चयन कर रहे हैं।

जन्माष्टमी पर घरों और मंदिरों में विशेष झांकियां सजाई जाती हैं। इसे देखते हुए सजावट की दुकानों पर भी खास तैयारियां की गई हैं। बाजार में कान्हा के झूले, रंग-बिरंगी झालर, आसन और अन्य चमकीले सजावटी सामान उपलब्ध हैं। झांकी को आकर्षक बनाने के लिए छोटे सजावटी सामानों की भी खरीदारी हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे जन्माष्टमी की तारीख नजदीक आएगी, खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है। अमोढा कस्बे में मोहित भट्ट की दुकान और सुमन पूजन भंडार के अंकित भट्ट की दुकानों पर जन्माष्टमी पर्व के लिए विशेष सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यहां कान्हा के झूले, अलग-अलग डिजाइन की पोशाकें और श्रृंगार सामग्री की बिक्री शुरू हो गई है। श्रद्धालु अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार लड्डू गोपाल के लिए वस्त्र व सजावटी सामान खरीद रहे हैं। दुकानों पर एक साथ कई तरह के डिजाइन उपलब्ध होने से लोगों को अपनी पसंद का सामान चुनने में आसानी हो रही है।

विक्रमजोत और अमोढा के बाजारों में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां अब तेज होने लगी हैं। पर्व नजदीक आने के साथ ही खरीदारी में और तेजी आने की उम्मीद है। घरों से लेकर मंदिरों तक कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां की जा रही हैं। लड्डू गोपाल के नए वस्त्र, चमकदार श्रृंगार, आकर्षक झूले और सिंहासन बाजारों की रौनक बढ़ा रहे हैं। आने वाले दिनों में दोनों कस्बों के बाजारों में खरीदारी का उत्साह और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को यादगार बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बस्ती। बस्ती के कप्तानगंज क्षेत्र में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर जूनियर हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों तक उत्सव का माहौल रहा। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा, बलराम और गोप-गोपियों का रूप धारण कर मनमोहक झांकियां निकालीं। नकटीदेई के पं. चर्तुभुज तिवारी विमला देवी इंटर कॉलेज में भी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण, बलराम और गोप-गोपियों का रूप धारण कर सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। नन्हे कान्हाओं की वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने भक्ति गीतों पर डांस किया और कान्हा बने बच्चों ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसी तरह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कप्तानगंज प्रथम में भी बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक



झांकियां निकालीं। कृष्ण और राधा का रूप धारण कर बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका ध्यान खींचा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद मिश्रा और सहायक अध्यापिका वंदना तिवारी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। कप्तानगंज क्षेत्र के दूसरे प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर काफी उत्साह दिखा। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर जन्माष्टमी को पारंपरिक तरीके से मनाया। भक्ति गीतों और बच्चों की प्रस्तुतियों से विद्यालयों का माहौल भक्तिमय हो गया। विद्यालय प्रबंधक अनिल तिवारी ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ते हैं। इससे बच्चों में अपनी संस्कृति को समझने और उसे आगे बढ़ाने की भावना बढ़ती है।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में मर्ज अथवा बंद किए गए विद्यालयों की रूप रेखा तैयार

बहराइच। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष राम हर्ष यादव व संचालन जफर उल्ला खान बंटी ने किया। बैठक में उपस्थित पूर्व केबिनेट मंत्री यासर शाह के हाथों पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता राम गोपाल गौतम व फौजदार यादव को जिला सचिव का मनोनयन पत्र दिया गया।

साथ ही पीडीए समाज के सर्वश्री अवधराज यादव प्रधान गौरिया,ननकऊ गौतम, रामू मौर्या गौरिया, विश्वम्भर गौतम, केशव गौतम, राम चन्द्र भाष्कर, राम सूरत पाल, जानकी प्रसाद मौर्या प्रधान कारिडीह, अनिल सैनी, सुनील सैनी सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी मे आस्था प्रकट करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी साथियों का फूल मलाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

आयोजित बैठक मे आगामी 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मर्ज अथवा बंद किए गए विद्यालयों में जाकर चौपाल आयोजित करने

**बड़ी संख्या में पीडीए समाज के लोग सपा में शामिल**




तथा स्थानीय स्तर पर विद्यालयों एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों को जनता के बीच उठाने की कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक मे फॉर्म 6, 7, 8 व बीएलए प्रशिक्षण व संगठन को और अधिक मजबूत करने, पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक एवं सांगठनिक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष उत्तम सिंह, देवेश चंद्र मिश्रा, रामजी यादव, शकील मेकरानी, गोविन्द निषाद, प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजनसभा शैलेश सिंह शैलू (मौर्य राजवंश), जिला महासचिव सुनील निषाद, विधानसभा अध्यक्ष गौरव यादव, अयोध्या सोनी, विश्राम यादव, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष जितेंद्र मौर्या,युवजन सभा जिलाध्यक्ष अफसाल शानू, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष मयंक मिश्रा, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष शेख रियाजुद्दीन, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, कन्हैया लोधी, दिनेश लोधी, मुन्ना रायनी व विकास चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोवध निवारण अधिनियम के दो वांक्षित अभियुक्त गिरफ्तार




बहराइच। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नानपारा थानाध्यक्ष गुरुसेन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को गोवध निवारण अधिनियम के दो वांक्षित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफ़लता मिली है।दिनांक 11.08.2026 को आवेदक राम सुहावन पुत्र तीरथ राम, निवासी ग्राम जुमईपुरवा, दा0 गिरधरपुर,थाना कोतवाली नानपारा,जनपद बहराइच द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0292/2026, धारा 3/5/8 उ0प्र0 गौवध निवारण अधिनियम, बनाम अज्ञात,पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना प्रारम्भ की गयी थी। विवेचना के क्रम में दिनांक 02.09.2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अज्ञात अभियुक्तों को नहर पटरी, हाड़ा बसेहरी, थाना नानपारा, जनपद बहराइच के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर प्रथम अभियुक्त ने अपना नाम जहरुद्दीन पुत्र हाशिम, उम्र करीब 55 वर्ष, निवासी ग्राम जुमईपुरवा, दा0 गिरधरपुर, थाना कोतवाली नानपारा, जनपद बहराइच तथा द्वितीय अभियुक्त ने अपना नाम वसीम पुत्र जहरुद्दीन, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी थाना कोतवाली नानपारा, जनपद बहराइच बताया।

अभियुक्तों की तलाशी लिये जाने पर उनके कब्जे से 02 अदद चाकू एवं 01 अदद बोगदा बरामद हुआ।

उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।तत्पश्चात गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया।उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी पुलिस टीम में उ0नि0 सौरभ पाण्डेय,उ0नि0 जितेन्द्र गौड,हे0का0 रणधीर सिंह,का0 पवन यादव व का0 श्रीकांत यादव भी शामिल रहे।

## बेसिक शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर सीएम योगी से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

लखनऊ। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश (प्राथमिक संवर्ग) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बेसिक शिक्षा विभाग के



परिषदीय शिक्षकों की लंबित समस्याओं से जुड़ा छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने मांगों के शीघ्र समाधान और शासनादेश जारी करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने विशिष्ट बीटीसी-2004 एवं अन्य अर्ह बैच के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ, विभागीय टीईटी शीघ्र कराने तथा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नति पर ?17,140/ ?18,150 का न्यूनतम वेतनमान देने की मांग रखी।

महासंघ ने शिक्षकों के लिए स्थायी और पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने, लंबित अंत:जनपदीय और अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नियमित कराने तथा आकांक्षी जनपदों में जरूरत के अनुसार अतिरिक्त शिक्षकों की भर्ती कर वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को उनके मूल जनपद में स्थानांतरण का अवसर देने की मांग की। स्थानांतरण में वरिष्ठ शिक्षकों को वरीयता देने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा पिछले दो वर्षों से लंबित पारस्परिक स्थानांतरण, शिक्षक पदोन्नति और प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापक का पद सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। महासंघ ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षकों की तरह शत-प्रतिशत प्रोन्नत वेतनमान देने की भी मांग की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना और यथाशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

महासंघ ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख के प्रति आभार जताते हुए लंबित मांगों पर जल्द शासनादेश जारी होने की उम्मीद व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री भगवती सिंह एवं प्रदेश मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# योगी सरकार चलाएगी 'सेवा संकल्प अभियान

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर योगी सरकार प्रदेशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। ग्राम पंचायत और न्याय पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय, नगर निकायों और महानगरों तक जनसेवा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की जिम्मेदारी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को प्रदेश प्रभारी के रूप में सौंपी गई है। सरकार का जोर अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित रखने के बजाय व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से अभियान की शुरुआत होगी।

इस दौरान दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। अभियान में 'नमो सेवा गाथा', 'सेवा मेरा योगदान', 'कहानी बदलाव की', 'आंगन का उत्सव', 'इनोवेशन चैलेंज' और 'जनसेवा महाकुंभ' समेत कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।सेवा मेरा योगदान के तहत घाटों, पार्कों और गोशालाओं की सफाई व सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। 'आरोग्य मेलों' में स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और दवाओं का वितरण होगा।

बच्चों और युवाओं के लिए नवाचार व राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।अभियान के तहत 7 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' निकाली जाएगी। इसमें लोगों को विकसित भारत-2047 के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया जाएगा।

विभिन्न स्थानों पर बड़ी स्क्रीन के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण भी किया जाएगा।अभियान की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए प्रदेश प्रभारी योगेंद्र उपाध्याय संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें विभागवार जिम्मेदारियां तय की जाएंगी और कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार होगी।

# 6,600 राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण बढ़ी सिंचाई क्षमता

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजकीय नलकूपों के आधुनिकीकरण पर जोर दिया है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच 2,493 नए राजकीय नलकूपों का निर्माण, 1,769 असफल नलकूपों का पुनर्निर्माण और 6,600 नलकूपों का आधुनिकीकरण किया गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन कार्यों से 3.77 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का सृजन या पुनर्स्थापन हुआ और 3.15 लाख कृषक परिवारों को सीधे लाभ मिला। वहीं पंप नहरों के आधुनिकीकरण और नए निर्माण से 0.62 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित या बहाल हुई।सरकार का दावा है कि पुराने नलकूपों के कायाकल्प और नए नलकूपों के निर्माण से किसानों को खेतों तक समय पर पानी उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है। इससे सिंचाई व्यवस्था अधिक भरोसेमंद होने के साथ खेती की लागत और जोखिम कम करने में भी सहायता मिलेगी।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण और 8,717 नलकूपों के आधुनिकीकरण समेत विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार ने इनके जरिए 4.21 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता के सृजन या पुनर्स्थापन और 5.59 लाख कृषक परिवारों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। सरकार का फोकस पुराने सिंचाई ढांचे को दुरुस्त करने के साथ नई क्षमता विकसित कर किसानों को अधिक स्थायी और भरोसेमंद सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर है।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय केअधीन ही होगें।

# सुल्तानपुर में बारिश से पेड़ गिरा, 2 लोग घायल

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में गुरुवार को शाम 4:30 बजे तक हुई तेज बारिश से कई इलाकों में नुकसान हुआ है। बल्दीराय के दौलतपुर गांव में एक महुआ का पेड़ अचानक एक मकान पर गिर गया। इस हादसे में ज्योति दूबे और राममूर्ति दूबे के बेटे राकेश चंद्र घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्योति दूबे पिछले करीब दो साल से इस पेड़ को हटाने की मांग कर रही थीं। उन्होंने थाने, तहसील दिवस और वन विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की थी। ज्योति ने पेड़ से खतरे की आशंका जताई थी, लेकिन इसे हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। बल्दीराय के चक्कारीभीट गांव से जाने वाली सड़क पर बारिश का पानी भर गया है। इससे स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। करौंदीकला से रवनिया मार्ग पर परशुरामपुर के पास सड़क भी धंस गई है। भदैया कुछमुछ ग्राम पंचायत के इस्लामगंज में रामसेवक के बेटे बुद्ध प्रकाश का टिनशेड गिर गया। बारिश से पक्की ईंट की दीवार ढहने के कारण टिनशेड गिरा, जिससे करीब 20 हजार रुपये का सामान खराब हो गया। इसी पंचायत के बरगदवा पुरवा में श्रीराम निषाद के बेटे राकेश निषाद का कच्चा मकान भी ढह गया। मिट्टी की दीवार गिरने से उनके घर का सामान भी खराब हो गया है। इन हादसों से दोनों परिवारों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

# छात्राओं को किया जागरूक, गुप्त शिकायत पर्चे भी बांटे



बल्दीराय/सुल्तानपुर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को बल्दीराय थाना क्षेत्र के श्री शंकराचार्य इंटर कॉलेज बल्दीराय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। थाना प्रभारी बल्दीराय महेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या परेशानी को नजरअंदाज न करें। छात्राएं बिना किसी डर के पुलिस को इसकी सूचना दें। उन्होंने बताया कि 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1090 महिला हेल्पलाइन और 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन सहित विभिन्न सेवाओं का जरूरत पड़ने पर लाभ लिया जा सकता है। इस दौरान पुलिस की ओर से छात्राओं को गुप्त शिकायत पर्चा भी वितरित किया गया। पुलिस ने बताया कि यदि किसी छात्रा को रास्ते में किसी मोड़, चौराहे, बाजार अथवा अन्य स्थान पर कोई व्यक्ति छेड़छाड़ करता है या किसी तरह परेशान करता है तो वह पर्चे में घटना से संबंधित पूरी जानकारी लिखकर पुलिस को सौंप सकती है। f

शकायतकर्ता को पर्चे पर अपना नाम लिखने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि शिकायत से संबंधित जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और शिकायत के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने, अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत में सतर्क रहने तथा साइबर ठगी से बचने के उपाय भी बताए। छात्राओं से कहा गया कि किसी भी आपत्तिजनक घटना की जानकारी अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को तत्काल दें। कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला सुरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने जवाब दिया। इस मौके पर अध्यापक जुगुल किशोर तराई, उपनिरीक्षक राजदेव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र लवकुश को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता-**

राकेश कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी ररिया हसनपुर टाण्डा थाना, परगना व तहसील फतेहपुर, जनपद बाराबंकी

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम अश्वनी कुमार श्रीवास्तव दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अश्वनी कुमार है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः मुझे मेरे सही नाम अश्वनी कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचनाकर्ता-**

अश्वनी कुमार पुत्र स्व0 मुकुट बिहारी लाल निवासी निकट बुद्ध पार्क श्रावस्ती नगर लखपेड़ाबाग, बड़ेल, बाराबंकी

# कनैला हत्याकांड में सियासत गरमाई, सप्ताहभर में गिरफ्तारी नहीं तो लखनऊ में होगा धरना

## पीड़ित परिवार के घर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य



**रानी बाजार, अयोध्या।** थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के कनैला गांव में राम लगन मौर्य हत्याकांड को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बृहस्पतिवार को अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने मृतक को श्रद्धांजलि देकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतक के भाई अखिलेश मौर्य से आरोपियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि हत्याकांड में पांच अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। गिरफ्तारी में देरी पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस मुस्तैदी से कार्रवाई करे तो कोई अपराधी बच नहीं सकता।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि कनैला में गोली और बम से हुई हत्या प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने करणी सेना के सनी सिंह पर भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो अपनी जनता पार्टी लखनऊ में धरना देगी। किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए उप निरीक्षक राजेश पटेल पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे तथा बताया कि रात्रि में भी पुलिस गांव में तैनात रहती है

इस दौरान जिलाध्यक्ष राम निहाल मौर्य, रंजीत मौर्य, बलराम मौर्य, राम श्रृंगार मौर्य सुधाकर मौर्य, अजीत मौर्य, अधिवक्ता अरविंद मौर्य, प्रदीप मौर्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# साकार हो रहा नव्य गोसाईगंज का सपना, तमसा रिवर फ्रंट के प्रथम चरण में महादेवा घाट के कायाकल्प ने पकड़ी रफ्तार

**महादेवा घाट पर पहली बार स्थापित हुई विक्टोरिया लाइट डिजाइन–टेस्टिंग सफल, घाट की भव्यता में जुड़ा नया अध्याय**

**गोसाईगंज, अयोध्या।** नव्य गोसाईगंज के विकास और नगर के धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है। नगर पंचायत गोसाईगंज में प्रस्तावित तमसा रिवर फ्रंट के ड्रीम प्रोजेक्ट के प्रथम चरण के अंतर्गत वंदन योजना से महादेवा घाट के जीर्णोद्धार एवं कायाकल्प का कार्य तेजी से जारी है।

इसी क्रम में महादेवा घाट पर विक्टोरिया लाइट डिजाइन की आकर्षक एवं आधुनिक लाइटों का नगर में पहली बार अधिष्ठापन नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा कराया गया। आज इन लाइटों की सफलतापूर्वक टेस्टिंग की गई, जिसमें सभी व्यवस्थाएं सुचारु एवं संतोषजनक पाई गईं। लाइटों के अधिष्ठापन के बाद रात्रि के समय महादेवा घाट की भव्यता और आकर्षण में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता एवं व्यापारी नेता स्वर्गीय शेखर जायसवाल द्वारा नव्य गोसाईगंज के निर्माण तथा तमसा रिवर फ्रंट एवं महादेवा घाट के जीर्णोद्धार का सपना लंबे समय से देखा गया था। उनका सपना था कि गोसाईगंज के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व वाले स्थलों को विकसित कर उन्हें ऐसी पहचान दिलाई जाए, जिससे नगर की ऐतिहासिक विरासत के साथ-साथ पर्यटन एवं धार्मिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले।

आज उसी परिकल्पना को धरातल पर साकार होते देखना नगरवासियों के लिए गौरव का विषय है।

क्षेत्रीय विधायक अभय सिंह की प्रेरणा तथा शासन स्तर से प्राप्त स्वीकृति के उपरांत तमसा रिवर फ्रंट के प्रथम चरण में महादेवा घाट के कायाकल्प की योजना को आगे बढ़ाया गया। नगर पंचायत द्वारा इसे धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

महादेवा घाट पर चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अब लगभग आधा पूरा होने की ओर है, जिसका बदला हुआ स्वरूप अब प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देने लगा है। घाट के विकास के साथ प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के कार्य पूरे होने के बाद यह स्थान गोसाईगंज की नई पहचान के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर है।



नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल के कार्यकाल में नगर के धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को विकास की प्राथमिकताओं से जोड़ते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

महादेवा घाट का कायाकल्प इसी सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है। नगर पंचायत द्वारा आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि जिस महादेवा घाट को लेकर कभी केवल विकास की कल्पना की जाती थी, आज वहां निर्माण कार्य, सौंदर्यीकरण और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से वह सपना धीरे-धीरे साकार होता दिखाई दे रहा है।

तमसा रिवर फ्रंट के माध्यम से गोसाईगंज को नई पहचान दिलाने की दिशा में महादेवा घाट का यह कायाकल्प आने वाले समय में नगर के विकास का एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित हो सकता है।

नगर पंचायत की यह पहल न केवल एक घाट के सौंदर्यीकरण तक सीमित है, बल्कि इसका उद्देश्य गोसाईगंज की धार्मिक एवं पौराणिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिक विकास से जोड़ना है। नव्य गोसाईगंज की परिकल्पना अब धरातल पर आकार ले रही है।

# साइबर फ्राड से की गई 22,254 रु. की धनराशि वापस कराई गई



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में थाना कटका पुलिस एवं साइबर हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर फ्रॉड की गई 22,254/- (बाईस हजार दो सौ चौवन रुपये) की धनराशि पीड़िता को वापस कराई गई। पीड़िता/आवेदिका पुष्पा निषाद पुत्री परशुराम नि0 सेमरा रफीगंज थाना कटका जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा उनके खाते से 28,000/- (अठ्ठाईस हजार रुपये) डिजिटल अरेस्ट करके NCRP पोर्टल पर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस टीम द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए तकनीकी माध्यम से धनराशि को होल्ड कराया गया तथा माननीय न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 03.09.2026 को पीड़िता को धनराशि वापस दिलाई गई।

# जन्माष्टमी को लेकर पुलिस ने किया गश्त

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ तेजवीर सिंह सीओ जलालपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर मालीपुर प्रभारी थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक अनिल शर्मा उपनिरीक्षक जयप्रकाश केसरी अपनी टीम के साथ मालीपुर कस्बे में आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहारों को शांति पुरा करवाने के लिए पैदल गश्त भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा कि मालीपुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है वही मालीपुर पुलिसटीम ने मालीपुर रेलवे स्टेशन रोड कस्बे में संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की तीन सवारी को कड़ी फटकार लगाई तत्काल काटा चालान वहीं जहां मौजूद मालीपुर पुलिस ने लोगों का हाल-चाल पूछ यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको संपर्क करेंगे या मालीपुर थाना प्रभारी से या हल्का प्रभारी से इस दौरान पुलिसकर्मी हमराही मौजूद थे।



# 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'

**सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में हर्षोल्लास, उमंग व भक्तिभाव से मनाया गया जन्माष्टमी**

**अयोध्या।** सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, अयोध्या में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास, उमंग और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया। पूरा विद्यालय परिसर 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे जयघोषों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी और दही-हांडी कार्यक्रम रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक दही-हांडी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की याद ताजा कर दी।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों और लीलाओं पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए। आकर्षक वेशभूषा, भावपूर्ण अभिनय और मनमोहक नृत्य ने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रेम, मित्रता, कर्म, सत्य और धर्म के संदेश को भी प्रस्तुत किया।

विद्यालय के निदेशक विशाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय पर्व एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों के परिचायक हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान और संस्कारों की भावना विकसित होती है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार एम.बी. ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. प्रगति श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं रंजीत श्रीवास्तव, अरुश्री गौर, रिया सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) हवेली महोदय अयोध्या

मूलवाद सं-534/2020

ता0 पेशी0-20.09.26

परशुराम आदि...........वादीगण

बनाम

जयकरन पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम बनवीरपुर परगना मंगलसी तहसील सोहावल जिला अयोध्या...प्रतिवादी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 09 के 20 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 09 के 02 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (सी0डि0) महोदय अम्बेडकरनगर

मूल वाद संख्या-206/1989

तारीख पेशी-05.09.2026

बागुर आदि बनाम सूर्यपति आदि

बनाम-10/1 सच्चिदानन्द उम्र लगभग 60 वर्ष 10/2 जगदम्बा प्रसाद उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्रगण स्व0 इन्द्रजीत 10/4 पद्मावती उम्र लगभग 63 वर्ष 10/5 सुमन उम्र लगभग 60 वर्ष 10/6 साधना उम्र लगभसग 47 वर्ष पुत्रीगण स्व0 इन्द्रजीत समस्त निवासी मौजा करौली लाठौरी परगना विड़हर तहसील आलापुर जिला अम्बेडकरनगर-प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 05 माह 09 सन् 2026 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 03 माह 09 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (सी0डि0) महोदय अम्बेडकरनगर

मूल वाद संख्या-206/1989

तारीख पेशी-05.09.2026

बागुर आदि बनाम सूर्यपति आदि

बनाम 8/2 अरविन्द कुमर उम्र लगभग 55 वर्ष 8/3 राजर्षि उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्रगण शिवकुमार 8/4 रामभावती उम्र लगभग 48 वर्ष 8/5 प्रकाशा उम्र लगभग 46 वर्ष 8/6 रीता देवी उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्रीगण शिवकुमार 8/7 ज्योतसना उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी स्व0 अखिलेश 8/8 मधुकर उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्र स्व0 अखिलेश 8/9 पूजा उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्री स्व0 अखिलेश समस्त निवासी मौजा करौली लाठौरी परगना विड़हर तहसील आलापुर जिला अम्बेडकरनगर-प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 05 माह 09 सन् 2026 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 03 माह 09 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) हवेली महोदय अयोध्या

मूलवाद सं-1032/22

ता0 पेशी0-05.09.26

मो.शोएब......................वादी

बनाम

इमराना आदि......प्रतिवादीगण

बनाम1.इमराना आयु लगभग 42 वर्ष 2. रेहाना आयु लगभग 46 वर्ष पुत्रीगण स्व. मो.मोइन 3.मो.वसीम आयु लगभग 76 वर्ष 4.मो.नसीम आयु लगभग 80 वर्ष पुत्रगण स्व.इब्राहीम 5.एजाज अहमद आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व.मो.शफी 6.अब्दुल कादिर आयु लगभग 28 वर्ष पुत्र स्व.मो.शमीम 7.श्रीमती खलिदा बेगम आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी स्व.मो.शमीम समस्त निवासीगण ग्राम डेहरियांवा परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर जिला अयोध्या........प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 09 के 05 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 09 के 02 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय (न्यायिक) तहसील सोहावल अयोध्या

वाद सं-202504230208576/2025

ता0 पेशी0-15.09.26

विनय प्रताप सिंह...... अपीलाण्ट

बनाम

दुर्गेश कुमार आदि....रेस्पाण्डेन्ट्स

बनाम-1.रविचन्द्र 2.ओम नरायण पुत्रगण राम प्रसाद 3. पूरन 4. अशोक कुमार 5. राधेश्याम पुत्रगण हरीराम 6.जगन्नाथ 7.केदारनाथ 8.अमरनाथ पुत्रगण हरिशंकर 9. सुरेश कुमार यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद 1 ता 9 नि.गण ग्राम हरीपुर जलालाबाद परगना मंगलसी तहसील सोहावल जिला अयोध्या 10.ग्राम पंचायत/ग्राम सभा हरीपुर जलालाबाद द्वारा अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति हरीपुर जलालाबाद परगना मंगलसी तहसील सोहावल जिला अयोध्या.........रेस्पाण्डेन्टसगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 09 के 15 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 09 के 03 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू. डि. अयोध्या

मूलवाद संख्या- 716/19

तारीख पेशी- 13.09.2026

मो.शफीक................... वादी

बनाम

मो.अनीस आदि.......प्रतिवादीगण

बनाम-8.नावेद मुस्तफा पुत्र अनवर हुसैन निवासी ग्राम परसौली परगना तहसील रुदौली जिला अयोध्या 9.मो.गौस खां पुत्र रिजवान अहमद निवासी मालिकजादा कस्बा परगना तहसील रुदौली जिला अयोध्या....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 13 माह 09 सन् 2026 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 02 माह 09 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज हवेली जू.डि. अयोध्या द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

अ. प्र. वाद सं.- 51/26

तारीख पेशी - 03.10.26

सैय्यद एबादुल्लाह पुत्र स्व.सैय्यद अब्दुल्लाह ग्राम सोनखरी पोस्ट रामपुर भगन परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर जिल अयोध्या.... प्रार्थी

बनाम

बैंक ऑफ बड़ौदा आदि.......विपक्षी

प्रकाशन हर आम व खास

चूंकि प्रार्थी ने अपने मृतक सैय्यद अब्दुल्लाह पुत्र स्व. नूर अब्दुल्लाह को देय ऋणों एवं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा- 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 ई० में आवेदन किया है।

चूंकि श्री प्रार्थी उपरोक्त ने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और वर्ष 2026 के माह 10 के दिवस 03 को आवेदन की सुनवाई के लिए तिथि निश्चित की गयी है।

अत: यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा सिविल जज जू. डि. अयोध्या के न्यायालय में दिनांक 03.10.26 को अपरान्ह 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना-पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 03.09.26 ई. को मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र राम नरायन उर्फ ढकनी एवं गनेश प्रसाद पुत्रगण कृष्णा प्रसाद निवासीगण गोदौली मऊ यदुवंशपुर शहर फैजाबाद जिला अयोध्या मेरे कहने सुने में नहीं है। मुझसे अक्सर लड़ाई-झगड़ा करते हैं और गलत कार्यों में संलग्र रहते हैं जिससे परेशन होकर मैं अपने पुत्रों रामनरायन उर्फ ढकनी एवं गनेश प्रसाद को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं इनके द्वारा किये गये किसी भी काय्र से मेरा कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने द्वारा ।किये गये सभी वैध अवैध कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचनाकर्ता-मतना देवी पत्नी स्व.कृष्णा प्रसाद**

**निवासी-ग्राम गोदौली मऊ यदुवंशपुर, शहर फैजाबाद, जिला-अयोध्या**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भीटी-अम्बेडकरनगर

पत्रांक-1086/स्था./ वृक्ष-कटान /नीलामी/पत्रा./2026-27 दिनांक-02-09-26

### नीलामी सूचना

जिला विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर के पत्रांक 859 /वृक्ष कटान /2026-27 दिनांक 11.08.2026 द्वारा प्राप्त अनुमोदन के क्रम में विकास खण्ड परिसर में चिन्हित महुआ प्रजाति के कुल 01 वृक्ष की नीलामी दिनांक 09.09.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे की जायेगी ।

नीलामी में प्रतिभाग करने बाले रजिस्टर्ड व् मान्य ठेकेदारों / बोली दाताओं को निम्नलिखित शर्तो को मान्य करने के उपरांत ही बोली में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी ।

**नीलामी की शर्ते :-**

01-नीलामी में प्रतिभाग करनें बाले रजिस्टर्ड व मान्य ठेकेदारों/बोली दाताओं को दिनांक 07.09.2026 तक कैशियर /लेखाकार के पास नगद रु.2000 जमानत के रूप में अपरान्ह 02 बजे तक जमा करना होगा ।

02-नीलामी में प्रतिभाग करनें हेतु जमानत धनराशि के रूप में जमा धनराशि की रसीद को समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा ।

03-नीलामी में प्रतिभाग करनें बाले रजिस्टर्ड व मान्य ठेकेदारों / बोली दाता दिनांक 07.09.2026 तक वृक्षों का निरीक्षण कर सकते है ।

04-वृक्ष जैसे है या जिस रूप में हैं उसी रूप में प्राप्त करना होगा ।

05-नीलामी जिस बोली दाता के नाम से होगी उस बोली दाता को अधिकतम बोली की धनराशि का तत्काल 25% धनराशि कैशियर/लेखाकार के पास नगद रु. में जमा करना होगा एवं तदोपरांत ही उसे वृक्ष प्रदान करने की अनुमति दी जायेगी।

06-बोली में आयी अधिकतम धनराशि जमा करने के उपरांत ही वृक्षों की कटाई एवं उठान की अनुमति प्रदान की जायेगी।

07- नीलामी जिस बोली दाता के नाम से होगी उस बोली दाता को कार्यालय से नियमानुसार अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही वृक्ष के पातन एवं ढुलाई की कार्यवाही की जायेगी ।

08-पातन अनुमति शुल्क रु.100/प्रति वृक्ष की दर से देय होगा

09-अभिवहन शुल्क बिना जमा कराये ग्राम सभा की सीमा से बाहर ढुलान हेतु प्रतिबंधित प्रजाति नीम के वृक्ष की प्रकाष्ठ का ढुलान न कराया जाए, अभिवहन शुल्क रु.38/प्रति टन (केवल दिन के लिए) एवं रु.76/प्रति टन (दिन एवं रात के लिए) देय है।

10-वृक्षों की कटाई एवं उठान अपने व्यय भार पर करना होगा ।

11-नियमानुसार जी.एस.टी.देय होगा ।

12-नीलामी को स्वीकृत /अस्वीकृत करनें का समस्त अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**भीटी-अम्बेडकरनगर**

**प्रशासक क्षेत्र पंचायत**
**भीटी-अम्बेडकरनगर**

# राम मंदिर के नवनियुक्त सीईओ जितेंद्र मिश्रा पहुंचे अयोध्या

**बोले-चयन समिति व प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद के प्रति हृदय से आभारी**



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जितेंद्र मिश्रा अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के लिए पहली बार अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचने पर ट्रस्ट की ओर से उनका स्वागत किया गया। ट्रस्ट का विशेष वाहन उन्हें एयरपोर्ट से रिसीव करने के लिए पहले से मौजूद था। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ने नई जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण और पवित्र बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने के लिए वह चयन समिति, ट्रस्ट के सदस्यों और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद के प्रति हृदय से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यह उनकी अयोध्या की पहली यात्रा है और फिलहाल वह औपचारिक रूप से पदभार संभालने के साथ ट्रस्ट की व्यवस्थाओं को समझना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के साथ मिलकर तैयार की जाने वाली विस्तृत कार्ययोजना जल्द ही साझा की जाएगी। एयरपोर्ट से एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर के लिए रवाना हुए। यहां वह बाल स्वरूप रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उनकी महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। बैठक में मंदिर निर्माण से जुड़े शेष कार्यों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं और ट्रस्ट की आगामी योजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है। नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा के सामने अयोध्या में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के अनुरूप व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के साथ ट्रस्ट की आगामी योजनाओं को गति देने की चुनौती भी होगी। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नई जिम्मेदारियां तय होने के बाद गुरुवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक सम्पन्न हुई। रामघाट स्थित कार्यशाला के श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र कार्यालय में हुई बैठक में ट्रस्ट की नई प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर मंथन किया गया। बैठक में राम मंदिर के नवनियुक्त सीईओ पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा, महासचिव गोविंद देवगिरी, कोषाध्यक्ष महेश भागचंद, ट्रस्टी मदन मोहन पांडे सहित अकाउंटिंग व्यवस्था से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ट्रस्ट में पदाधिकारियों के बदलाव के बाद हुई यह पहली बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें मंदिर ट्रस्ट के कामकाज और वित्तीय व्यवस्था को लेकर आगे की कार्ययोजना पर चर्चा होने की बातें कही जा रही थीं। बैठक में लेखा-जोखा, अकाउंटिंग व्यवस्था और ट्रस्ट के प्रशासनिक कामकाज से जुड़े विषयों पर भी पदाधिकारियों को जानकारी दी गई।

# मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से नवाजे गए जिले के पांच शिक्षक

**डॉ. मीनाक्षी यादव, सुल्ताना बानो, राकेश कुमार वर्मा, बृजेश कुमार व डॉ. जन्मेजय तिवारी को मिला सम्मान**



**अयोध्या।** शिक्षक दिवस के पूर्व गुरूवार को समाजवादी शिक्षक सभा ने जिले के पांच चयनित शिक्षकों को मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान से नवाजा। सपा कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित कार्यक्रम में इस बार डॉ. मीनाक्षी यादव, कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय उसरू अमोना, मसौधा, सुल्ताना बानो, सहायक अध्यापिका राजकीय हाईस्कूल बहरास, रुदौली, राकेश कुमार वर्मा, सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय चन्दीपुर नघरा, हैरिंग्टीनगंज, बृजेश कुमार, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कलापुर, मवई तथा डॉ. जन्मेजय तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, का.सु. साकेत महाविद्यालय को सपा सांसद धर्मेंद्र यादव व कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि नेताजी के नाम से ये कार्यक्रम 2012 से लगातार होता आ रहा है जो सराहनीय है, इस कार्यक्रम को कराने के लिए कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व आयोजक जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह को मै बधाई देता हूं। मुख्य अतिथि ने कहा नेताजी ने कार्यकाल में शिक्षकों के लिए बहुत सारे कार्य किए थे उन्होंने यूपी बोर्ड में भी सीबीएसई के बराबर कॉपियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक दिया था ऐसे तमाम बातें है जो नेताजी मुलायम सिंह यादव जी ने की, आज मौजूदा भाजपा सरकार रोजगार छीनना चाहती है बहुत सारे प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दीया है जिससे लोग शिक्षा से वंचित हो जाएं। कार्यक्रम के संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि नेताजी ने शिक्षकों के हित के लिए अनेकों काम किए,शिक्षकों के सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दिया और मृतक आश्रितों को योग्यता के आधार पर नौकरी की सौगात दी,शिक्षकों के हित में नेताजी मुलायम सिंह यादव जी ने सर्वाधिक फैसले लिये, अब शिक्षकों को पेंशन और ट्रेजरी से समय से वेतन मिल रहा है, यह भी नेताजी की ही देन है, आज भाजपा सरकार नौकरी खत्म करना चाहती है , आउटसोर्सिंग पर नौकरी करने पर विवश कर रही उन्होंने कहा मौजूदा सरकार अपने हक की आवाज उठाने पर सड़कों पर निकलेने वाले नौजवानों और महिलाओं पर लाठियां बरसा रही है उन्होंने कहा आज शिक्षित समाज जागरूक है एवं सभी नौजवान व्यापारी किसान बेरोजगार युवा सभी जाति सभी धर्म पंथ के लोग 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनाने का संकल्प ले चुका है। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, पूर्व मंत्रीआनंदसेन यादव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी, हाजी फिरोज खान गब्बर, श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव ,प्रदेश सचिव राम अचल यादव, हाजी असद अहमद मोहम्मद हलीम पप्पू जब्बारआली, रियाज अहमद ,छोटे लाल यादव , जिला महासचिव बख्तियार खान चौधरी बलराम यादव, मोहम्मद राशिद शिक्षक सभा के तहसीलदार सिंह,विमल सिंह यादव, प्रभाकर सिंह, अमरनाथ सिंह, प्रदीप तिवारी, रणधीर सिंह, युवराज यादव,अवनीश प्रताप सिंह,, मृत्युंजय सिंह दालसिंगार गौड़ जेपी चौरसिया अशोक साहनी आनंद शुक्ला आदि लोग मौजूद थे।

# बच्चों ने हर्षोललास से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में भगवान विष्णु के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिये मनाए जाने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद राधा, कृष्ण और गोपियों की भूमिका में सजे बच्चों ने जब एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत करना शुरू किया तो पूरा परिसर कृष्ण भक्ति में डूब गया। श्री कृष्ण,राधा और गोपियों की भूमिका में विद्यार्थियों ने श्हम सब बोलेंगे हैप्पी बर्थडे टू यू, सपने में रात में आया, वृंदावन जाऊंगी आदि गीतों पर शानदार अभिनय कर अपनी अमिट छाप छोड़ी। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि परिणाम की चिंता किये बगैर हमें अपना कर्तव्य ईमानदारी से करना चाहिए। यह केवल भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव न होकर सत्य, धर्म और सदाचार की विजय का प्रतीक है। श्री कृष्ण सुख, आनंद और सहजता के प्रतीक हैं। वे परमानंद के स्रोत हैं। पूरा कार्यक्रम प्रभा शंकर शुक्ल, रितिका मिश्रा, रूपा सिंह, अंकिता, कीर्ति, काजल की देख रेख और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# गुजराती मंदिर की भूमि की पैमाइश को लेकर संतों में रोष, भूमाफिया से मिलीभगत का आरोप

**अयोध्या।** रामनगरी की बढ़ती वैश्विक पहचान के बीच प्रमोद वन स्थित ऐतिहासिक गुजराती मंदिर की भूमि को लेकर विवाद गहरा गया है। मंदिर से जुड़े लोगों और संत समाज ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए भूमाफिया और अधिकारियों की कथित मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मंदिर परिसर की भूमि पर दबाव बनाने के लिए बिना समुचित सूचना के पैमाइश कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।मंदिर से जुड़े लोगों के अनुसार, प्रमोद वन स्थित गुजराती मंदिर की भूमि गाटा संख्या 212 में दर्ज है। आरोप है कि इसके समीप स्थित गाटा संख्या 211 में कूट रचना के माध्यम से उपश्रेणियां बनाए जाने का मामला सामने आया है। इसी के बाद मंदिर की भूमि को लेकर विवाद खड़ा हुआ। आरोप यह भी है कि प्रशासनिक एवं पुलिस अमले के माध्यम से मंदिर परिसर की भूमि पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्रवाई को एसडीएम सदर के स्तर से आदेशित किए जाने की बात भी कही जा रही है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।मंदिर से जुड़े लोगों ने दावा किया है कि आश्रम के बगल की जमीन दिल्ली में तैनात एक बड़े अधिकारी की पत्नी के नाम पर लिखाई गई है। इसके बाद से उक्त भूमि की पैमाइश और प्रशासनिक दबाव बढ़ने का आरोप लगाया गया है। हालांकि इस दावे से संबंधित दस्तावेज और संबंधित अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।मंदिर पक्ष का आरोप है कि भूमि की पैमाइश से पहले आसपास के गाटाधारकों और संबंधित लोगों को नियमानुसार सूचना नहीं दी गई। उनका कहना है कि लेखपाल, कानूनगो और तहसील स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाए जाने के बजाय अचानक पैमाइश का प्रयास किया गया। इसको लेकर मंदिर से जुड़े लोगों ने प्रशासन से पूरी प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।गुजराती मंदिर परिसर में रह रहे लोगों ने कुछ अज्ञात लोगों पर धमकी देने और परिसर खाली करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों से वे भयभीत हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

मामले को लेकर संत समाज में भी नाराजगी है। संतों का कहना है कि यदि किसी भूमि पर न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी है तो उसके बावजूद कार्रवाई किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संतों ने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की शिकायत की जाएगी।संत समाज से जुड़े लोगों ने यह भी कहा कि अयोध्या की धार्मिक विरासत से जुड़े मठ-मंदिरों की भूमि की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे मामलों में पारदर्शिता नहीं बरती गई तो इसका व्यापक विरोध किया जाएगा।

# धर्मेंद्र यादव के स्वागत में उमड़ा सपाइयों का हुजूम, अयोध्या सीमा से फैजाबाद तक जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की ओर से गुरुवार को लोहिया भवन, गुलाबबाड़ी में आयोजित श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव का अयोध्या की सीमा में प्रवेश से लेकर फैजाबाद शहर तक सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। सांसद के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।जनपद की सीमा गोसाईगंज विधानसभा में प्रवेश करने पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र यादव का स्वागत किया।

बीकापुर तहसील गेट के सामने एससी-एसटी आयोग की पूर्व सदस्य रोली यादव ने समर्थकों के साथ उनका अभिनंदन किया।

जलालपुर तिराहे पर पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भरत कुंड टोल प्लाजा पर समाजवादी युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव आकाश यादव के नेतृत्व में स्वागत हुआ।

जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता अभय यादव,प्रिंस यादव, अरुण यादव, अखिलेश यादव,राममिलन यादव समेत सैकड़ो युवा मौजूद रहे।

नगर पंचायत भदरसा-भरतकुंड सीमा पर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में स्वागत हुआ। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह राणा और विपिन यादव समेत कार्यकर्ताओं ने सांसद का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया।वर्कशॉप पर डॉ. रामप्रताप यादव ने सांसद को स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। मसौधा में राघवेंद्र सिंह एवं अनूप सिंह के नेतृत्व में हुए स्वागत में युवा नेता दीपक यादव, पूर्व प्रधान खामा यादव और सुनील सोनी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे। कलावती पैलेस पर राकेश कुमार पांडेय एवं अजय कुमार यादव ने तथा हासापुर लक्ष्मी कोल्ड स्टोर पर ओपी पासवान, विद्याभूषण पासी और पूर्व प्रधान मुकेश यादव की टीम ने स्वागत किया। महानगर कमेटी की ओर से भी विभिन्न स्थानों पर सांसद धर्मेंद्र यादव का जोरदार अभिनंदन किया गया।



# चोरी के 07 सोलर पैनल व पिकअप के साथ 02 अभियुक्त गिरफ़्तार




**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा सोलर पैनल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही पर चोरी के 07 सोलर पैनल, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन तथा सोलर पैनल खोलने में प्रयुक्त एक रिंच बरामद किया गया।थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अभियुक्तों की तलाश में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ग्राम करमपुर से चोरी किए गए सोलर पैनल पिकअप वाहन में रखकर बेचने की फिराक में काशीराम कॉलोनी के पास शिवबाबा के निकट खड़े हैं। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए 02 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा 8 अप्रैल 2026 को प्यारेपुर भट्ठे के पास ट्यूबवेल पर लगे सोलर पैनल चोरी करने तथा चोरी किए गए सोलर पैनलों को पिकअप वाहन के माध्यम से ले जाकर बेचने की बात बताई गई। अभियुक्तों की निशानदेही पर पिकअप वाहन संख्या UP45 T5253 से चोरी के 07 सोलर पैनल बरामद किए गए। साथ ही सोलर पैनल खोलने में प्रयुक्त 01 रिंच भी बरामद हुआ।

## हल्की वर्षा होने की संभावना

अयोध्या। आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं हल्की वर्षा होने की संभावना है। कहीं - कहीं हल्की से मध्यम वर्षा भी हो सकती है।श्री मिश्र के अनुसार गुरुवार का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री जो सामान्य से 3.0 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री यह सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 94 व न्यूनतम 88 प्रतिशत रही। 5.3 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली। 23.8 मि0मी0 वर्षा रिकार्ड की गई।

## गोसाईगंज में रामेश्वरम वाटर पार्क का शुभारंभ विधायक अभय सिंह रहे मुख्य अतिथि



**गोसाईगंज, अयोध्या।** भीषण गर्मी में लोगों को राहत और मनोरंजन का नया ठिकाना मिला है। गोसाईगंज के मया बाजार स्थित रामेश्वरी रेलवे क्रॉसिंग के निकट रामेश्वरम वाटर पार्क का भव्य शुभारंभ बुधवार 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह रहे।आयोजक राम चन्द्र मौर्य ने बताया कि इस वाटर पार्क का उद्देश्य स्थानीय लोगों को गर्मी से राहत देना और आधुनिक मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वाटर पार्क में पानी की रोमांचक स्लाइड्स और विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का प्रबंध किया गया है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शुजागंज अयोध्या। कोतवाली रूदौली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार देर रात एक अठारह वर्षीय किशोरी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रूदौली,चौकी प्रभारी शुजागंज अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच मृतका के शव को नीचे उतरवा पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली के शुजागंज पुलिस चौकी अंतर्गत मुस्काबाद मजरे हलीम नगर निवासी सतनाम की अठारह वर्षीय पुत्री रूपरानी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य चौकी प्रभारी शुजागंज अभिषेक सिंह अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच मृतका के शव को नीचे उतरवा पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# यदुनाथ सिंह स्मारक इण्टर कॉलेज ने कलान को हराया



**सुल्तानपुर।** जनपद स्तरीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग आयोजित की गयी।उक्त प्रतियोगिता तीनों आयु वर्ग में मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के संयोजन में पंत स्पोर्ट स्टेडियम में संपन्न हुई प्रतियोगिता का उद्घाटन मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के प्रबंधक अभय कुमार पांडेय एवं क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने किया। प्रतियोगिता में यह एम एस वी, एमजीएस, जीआईसी, इंटर कॉलेज कलांन,हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर, इंटर कॉलेज बरवारीपुर,पी पी इंटर कॉलेज बल्लीपुर,राधा रानी कृष्ण कुंवर इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, बरियार शाह इंटर कॉलेज भरखरे,ठाकुर यदुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज दानूपट्टी, सरस्वती विद्या मंदिर सिरवारा मार्ग विद्यालय की कुल 15 टीमों ने प्रतिभाग किया।

अंडर-19 आयु वर्ग में कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल पी पी इंटर कॉलेज बल्लीपुर और ठाकुर यदुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज दानूपट्टी के बीच खेला गया जिसमें ठाकुर यदुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज दानूपट्टी ने पी पी इंटर कॉलेज बल्लीपुर को पराजित कर फाइनल में जगह बनाया। दूसरे सेमीफाइनल में इंटर कॉलेज कलांन ने श्री हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में ठाकुर यदुनाथ सिंह इंटर कॉलेज दानुपट्टी की टीम ने इंटर कॉलेज कलांन को 25-22 25- 20 के स्कोर से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस वर्ग में रौनक सिंह अफजल युवराज सिंह आदित्य सिंह करण सिंह का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा।

अंडर 17 आयु वर्ग में कुल नौ टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल मैच एमजीएस और मधुसूदन विद्यालय के बीच हुआ जिसमें मधुसूदन विद्यालय ने एमजीएस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया ।दूसरे सेमीफाइनल में सरस्वती विद्या मंदिर की टीम ने श्री हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मैच में मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर ने सरस्वती विद्या मंदिर सिरवारा मार्ग को 25- 20 , 25- 21 से पराजित कर चैंपियन बना। इस वर्ग में शाह आलम अर्थव सिंह सार्थक अरमान हुसैन का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 14 आयु वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर सिरवारा मार्ग सुल्तानपुर की मात्रा एक टीम होने के कारण विजेता घोषित की गई। रेफरी की भूमिका प्रदीप यादव एवं प्रदीप कुमार मौर्य ने निभाई स्कोरिंग की भूमिका में सुरेंद्र कुमार वर्मा एवं दिलीप कुमार रहे प्रतियोगिता का संचालन सुरेश कुमार यादव ने किया। समापन के अवसर पर मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सच्चिदानंद मिश्र एवं ठाकुर यदुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कश्यप रघुवंशी ने विजेता एवं उपविजेता को मोमेंटो एवं मेडल देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर अजय कुमार तिवारी राजेश कन्नौजिया हर्षित सिंह घनश्याम सिंह जेपी तिवारी जयप्रकाश यादव एवं लवकुश दुबे मौजूद रहे।

## नाम संशोधन सम्बन्धी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी का नाम कृष्ण कुमार आयु लगभग 51 साल पुत्र स्व0 दुर्गा प्रसाद निवासी मोहल्ला छज्जापुर साउथ पत्रालय व नगर पालिका परिषद परगना व तहसील टांडा जिला अम्बेडकरनगर का स्थानीय निवासी है। शपथी के पुत्र देवांश गुप्ता का जन्म दिनांक 30-12-2020 को हुआ है जिसका जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद टांडा द्वारा जन्म प्रमाण पत्र संख्या क्र-2023ञ9-90482-001051 पंजीकरण दिनाक 01-09-2023 जारी होने का दिनांक 01.09. 2023 निर्गत हुआ है जिसमे पुत्र का नाम देवांश DEVANSH अंकित है जो कि अशुद्ध है। जबकि पुत्र का सही नाम देवांश गुप्ता DEVANSH GUPTA है। शपथी के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम देवांश छ्श्वङ्कह्य॥ के स्थान पर देवांश गुप्ता DEVANSH GUPT अकिंत किया जाना आवश्यक है।.

**शपथी-कृष्ण कुमार पुत्र स्व.दुर्गा प्रसाद**
**निवासी मोहल्ला छज्जापुर साउथ ( नगर पालिका परिषद टाण्डा क्षेत्र )**
**तहसील-टाण्डा, जिला-अम्बेडकरनगर**


स्वच्छ भरतकुण्ड भदरसा

स्वस्थ भरतकुण्ड भदरसा

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**स्वच्छ सर्वेक्षण- 2026**

**कृष्ण जन्माष्टमी पर आप सभी को**

**हार्दिक शुभकामनाएं**

इस शुभ अवसर नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद-अयोध्या आप सभी से अनुरोध करता है कि-

01. जल ही जीवन है, इसका दुरुपयोग न करें।
02. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
03. सफाई के पश्चात् कूड़ा-करकट सड़क पर न डालें।
04. नगर में लगे स्ट्रीट लाइटों को जलाने एवं बुझाने में सहयोग करें।
05. नगर को साफ रखें एवं खुल में शौच न जायें।
06. प्रतिबंधित पॉलिथीन आदि का प्रयोग कदापि न करें, यदि कोई करता है तो कृपया राज्य स्तरीय कॉल सेंटर नं.18001800101 पर सूचित करें।
07. शिकायत व सुझाव के लिये टोल फ्री नं.1533 एवं सीवर सफाई के लिये टोल फ्री नं.14420 पर काल करें।
08. ट्विन डस्टबिन का प्रयोग करें।
09. निकाय की भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्ज़ा /अतिक्रमण न करें, न ही सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति पहुचायें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

**(मो.राशिद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**